कार्यालयः जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मेरठ।

पत्रांक / स0शि0 / प्रशि0 / 989-94 / 2025–26 दिनांकः 22-04-2026

"विज्ञप्ति"

राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, के पत्रांकःगुण0वि0 / ए0आर0पी0 / 9333 / 2024–25 दिनांक 15.01.2025 के द्वारा शासनादेश संख्या–902 / 68–5–2019 दिनांक 22 अक्टूबर 2019 के द्वारा प्रदत्त निर्देश अनुसार जनपद मेरठ में प्रत्येक ब्लॉक संसाधन / नगर संसाधन केन्द्र के अन्तर्गत दो चरणों में ए0आर0पी0 58 रिक्त पदों के सापेक्ष 34 ए0आर0पी0 का चयन किया जा चुका है। शेष 31 ए0आर0पी0 के रिक्त पदों का चयन किया जाना है।

मुख्य विकास अधिकारी / अध्यक्ष चयन समिति के अनुमोदनोपरान्त शेष रिक्त 31 पदों (हिन्दी–12, अंग्रेजी–6, विज्ञान–3, गणित–3, सामाजिक विज्ञान–7) पर आवेदन बेसिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 के निमंत्रणाधीन जनपद मेरठ के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापक / अध्यापिकाओं से निर्धारित प्रारुप पर आवेदन पत्र **दिनांक 07.05.2026 सांय 05:00 बजे तक कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कल्याण नगर, नौचन्दी ग्राउण्ड, मेरठ–250002** को आमंत्रित किये जाते है। शेष नियम व शर्ते यथावत् रहेंगी।

क्र0 स0	ए0आर0पी0 / विषय विशेषज्ञ हेतु पदनाम	नवीन चयन किये जाने हेतु पदों का विवरण			अर्हता
		ग्रामीण क्षेत्र	नगर क्षेत्र	कुल पद	
1	ए0आर0पी0 हिन्दी)	11	1	12	कला संवर्ग में स्नातक में अंतिम वर्ष में हिन्दी विषय अनिवार्य हो।
2	ए0आर0पी0(अंग्रेजी)	6	0	6	कला संवर्ग में स्नातक में अंतिम वर्ष में अंग्रेजी विषय अनिवार्य हो।
3	ए0आर0पी0 (विज्ञान)	2	1	3	स्नातक में जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान व रसायन विज्ञान–जेड0बी0सी0 संवर्ग से अनिवार्य हो।
4	ए0आर0पी0 (गणित)	3	0	3	स्नातक में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान व गणित विषय–पी0सी0एम0 संवर्ग से अनिवार्य हो।
5	ए0आर0पी0 (सामाजिक अध्ययन)	6	1	7	कला संवर्ग में स्नातक में समाजशास्त्र, इतिहास, भूगोल, नागरिकशास्त्र, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, सैन्यविज्ञान, सांख्यिकी, कृषि विषय।
	योग	**28**	**3**	**31**	

शासनादेश दिनांक 22 अक्टूबर, 2019, विस्तृत दिशा निर्देश एवं आवदेन पत्र जनपद मेरठ की एन0आई0सी0 की website: https://meerut.nic.in **पर उपलब्ध है।**

(कुवरपाल सिंह)
प्र0 जिला समन्वयक (प्रशिक्षण)
समग्र शिक्षा अभियान, मेरठ।

22/04/2026
(आशा चौधरी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
मेरठ।

पृ0सं0: स0शि0 / प्रशि0 / / 2025–26 दिनांकः तदैव।

प्रतिलिपिः–

1. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, मेरठ।
3. मुख्य विकास अधिकारी, मेरठ।
4. प्राचार्य / उपशिक्षा निदेशक, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, छोटा मवाना, मेरठ।
5. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, मेरठ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि जनपद की एन0आई0सी0 की website https://meerut.nic.in पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. सम्पादक, हिन्दुस्तान व दैनिक जागरण, मेरठ को इस आशय से प्रेषित कि अपने सम्मानित समाचार पत्र में न्यूनतम आकार, शासकीय दर एवं स्थानीय स्तर पर प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
मेरठ।

Scanned with OKEN Scanner